## गैरीसन ग्राउंड में मुख्यमंत्री का ऐलान, सीएम ने जिले को दी 400 करोड़ की सौगात

# नर्मदा तट अयोध्या एवं हरिद्वार की तर्ज पर होंगे विकसित : मुख्यमंत्री





**हरिभूमि, जबलपुर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जाबालि ऋषि की इस धरती की अपनी विशेष एवं अलग पहचान है। वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के अदम्य शौर्य, साहस एवं पराक्रम ने भारतवर्ष को गौरवांवित किया है। उन्होनें अकबर जैसे शासक से युद्ध किया और अकबर से भयभीत हुए बिना अपनी वीरता का परिचय दिया। अपने जीवनकाल के अंतिम युद्ध में लड़ते हुये उन्होनें भारतवर्ष के सम्मान के लिये अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया लेकिन अकबर की गुलामी को स्वीकार नहीं किया। इसी प्रकार वीरांगना रानी अवंती बाई ने झांसी की रानी लक्ष्मी बाई का साथ देकर अंग्रेजी शासकों से लड़ाई लड़ी। देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले का जन्मदिन भी है। इन तीनों ने सदैव नारी सम्मान को बढ़ाया है। रानी दुर्गावती के अविस्मरणीय योगदान के लिये यहां उनकी कर्मभूमि में मध्यप्रदेश सरकार की पहली कैबिनेट बैठक आयोजित की गई।**

यह उद्बोधन मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुर जिले के गैरीसन ग्राउंड में आयोजित विभिन्न विकास कार्यों एवं लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होकर दिए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि वीरांगना रानी दुर्गावती के जीवन का प्रत्येक क्षण हमारे लिये सम्मान का विषय है। वीरांगना रानी दुर्गावती, रानी अवंती बाई के शौर्य को नई शिक्षा नीति के अंतर्गत पाठय़क्रम का हिस्सा बनाया जायेगा। ताकि भावी पीढ़ी उनके इस योगदान को जान सकें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 100 करोड़ रूपये की राशि के रानी दुर्गावती के स्मारक का भी लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि माँ नर्मदा प्रदेश की जीवन रेखा है। नमामि देवी नर्मदे परियोजना के तहत स्थानीय सभी घाटों को एक दूसरे से कनेक्ट किया जाएगा एवं उन्हें अयोध्या एवं हरिद्वार की तर्ज पर विकसित किया जायेगा। संभाग में उद्योगों की विस्तृत श्रृंखला तैयार की जायेगी जिससे लोगों को रोजगार मिल सके। संभाग में विकास कार्यों का यह सिलसिला लगातार चलता रहेगा। विकास कार्यों की धुरी का केन्द्र प्रत्येक जिले के गांव एवं शहर को बनाया जा रहा है। उन्होनें उत्तर मध्य विधानसभा विधायक डॉ. अभिलाष पांडे की मांग पर शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिये मंच से ही आईटीआई से दीनदयाल चौक तक नवीन ब्रिज बनाये जाने की भी घोषणा की। इसके अलावा उन्होनें जबलपुर में आईटी पार्प एवं एलीवेटेड कॉरिडोर बनाये जाने की जानकारी भी दी।

### गरीबों का जीवन बदलने का प्रयास

कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन देते हुये लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पहली कैबिनेट करने के लिए संस्करधानी को चुना है। यह महाकौशल के विकास की प्राथमिकता को दर्शाता है। उन्होनें कहा कि महाकौशल भी उनके साथ कार्य करने के लिए तैयार है। प्रदेश मुख्यमंत्री डॉ. यादव की इस सोच के साथ विकास की इस दौड़ में आगे रहेगा। कार्यक्रम में सांसद वीडी शर्मा ने कहा कि प्रदेश के कोने-कोने तक विकास के आयाम तैयार करने की शुरूआत मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की है। नवगठित सरकार नई उमंग के साथ कार्य करने के लिए एकजुट हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार एवं प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में गरीब व्यक्ति के जीवन को बदलने के लिए प्रयासरत है।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं इस्पात राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, विधायक अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, सुशील इन्दु तिवारी, अभिलाष पाण्डे, नीरज सिंह एवं संतोष वरकड़े, म.प्र. जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र जामदार, प्रभात साहू, सुभाष तिवारी सहित अन्य विशिष्ट जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में जनमानस मौजूद था।

### 400 करोड़ के कार्यों की सौगात

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुरवासियों को दी 409.53 करोड़ रूपये के विकास कार्ये की सौगात दी। इन विकास कार्यों में कौशल विकास, चिकित्सा शिक्षा विभाग, नगरीय विकास एवं आवास विभागों के कार्य शामिल हैं। 100.66 करोड़ रूपये के विकास कार्ये का भूमिपूजन एवं 308.87 करोड़ रूपये के विकास कार्ये का लोकार्पण किया। इनमें बरगी जिला जबलपुर में 03 ट्रेड आईटीआई का भवन निर्माण कार्य, एन.एस.सी.बी. मेडिकल कॉलेज जबलपुर में स्नातक प्रवेश क्षमता 150 से 250 सीटर उन्नयन, शारदा नगर पार्प मे रांझी वन विहार निर्माण कार्य (मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना), रानी अवन्ती बाई वार्ड चग्गर फर्मा कॉलोनी एवं राजुल सिटी से स्वर्ण भूमि मुख्य मार्ग मे एम 30 सीमेंट सडक निर्माण, महाराजा अग्रसेन वार्ड अंतर्गत अहिंसा चौक से वासु डेरी होते हुए साइबर जंक्शन तक एम 30 सीसी रोड, संभाग क्र 14 अंतर्गत महाराजा अग्रसेन वार्ड गरबा स्कीम नं 5/14 में विभिन्न स्थानों पर एम 30 सीसी सड़क निर्माण कार्य समिति, 750 एमएम पाइप लाइन राजुल काम्प्लैक्स आगा चौक से 300 एमएम पाइपलाइन सर्वेदय नगर तक एवं विभिन्न स्थानों पर पाइपलाइनों का कार्य, जबलपुर स्मार्ट रोड फेस 1 (राइट टाउन रोड), जबलपुर स्मार्ट रोड फेस 2 (गोलबाजार रोड) और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल महाविद्यालय जबलपुर में 85 पीजी सीट वृद्धि निर्माण कार्य शामिल हैं।

## सीएम ने की विकास कार्यों की समीक्षा

# मध्यभारत का पहला सुनियोजित शहर बनेगा जबलपुर : मुख्यमंत्री



**जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जिलों और विधानसभा क्षेत्रों में उपलब्ध संसाधनों के आधार पर रोजगार आधारित औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए 5 वर्षीय रोडमेप तैयार किया जाएगा। साथ ही प्रदेश और जिलों के उद्योगपतियों की जिला स्तर पर इन्वेस्टर समिट आयोजित की जाए। उन्होंने कहा कि अभी भी कई सेक्टर ऐसे है जहां निवेश और रोजगार के असीमित अवसर है। उन सेक्टर पर फोकस किया जाएगा। बाहर के उद्योगपति तो आकर उद्योग लगाएंगे ही साथ ही स्थानीय उद्योगपतियों को भी प्रमोट किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह निर्देश जबलपुर में आयोजित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान दिये। उन्होंने जनजातीय जिलों बालाघाट, मंडला और डिंडोरी की वनीय परिस्थितियों को देखते हुए कहा कि उद्योगों के लिए जहां बिजली की समस्या है। वहां के लिए एक अलग योजना और कार्यक्रम बनाया जाए। इन क्षेत्रों में वहां की जलवायु और परिस्थितियों को देखते हुए पशुपालन और पर्यटन जैसे क्षेत्र को बढ़ावा दिया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इन जिलों में माइनिंग और दुग्ध व्यवसाय को फोकस करने को कहा है।

**विगत 3 वर्षों में हुआ महाकौशल क्षेत्र में निवेश**

प्रमुख सचिव उद्योग संजय शुक्ला ने पिछले 3 माह में महाकौशल क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र में आये व्यापक बदलाव की जानकारी का प्रेजेन्टेशन दिया। उन्होंने बताया कि महाकौशल में 9 सेक्टर में सीमेंट, टेक्सटाइल, लोहा एवं इस्पात,कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण, एथेनॉल, इंजीनियरिंग, एफएमसीजी और निर्माण सामग्री में काफी बदलाव आया है। 3 माह में 9567 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। जबकि 19 हजार 716 लोगों के लिए नए रोजगार सृजित हुए है।

**नगर विकास की नई अवधारणा को सराहा**

विकास कार्ये की समीक्षा बैठक में जबलपुर कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने मध्य भारत के सुनियोजित शहर निर्माण की रूपरेखा प्रस्तुत की। जिसमें नमामि देवी नर्मदे परियोजना को विशेष रूप से रेखांकित किया गया है। उन्होंने कहा कि इसमें स्थानीय 18 घाटों को एक दूसरे से ऐसे कनेक्ट किया जाएगा। जिससे पर्यटन के अवसर बनेंगे। इन सभी घाटों पर 15 से 20 मिनट में सुगमता से आवागमन किया जा सकेगा। इसी में आरोग्य धाम ग्राम भी विकसित होगा। इसके अलावा 15 वें वित्त आयोग के ईनक्यूबेशन ऑफ 8 न्यू सिटीज के तहत जबलपुर में टेक्सटाइल एवं लॉजिस्टिक क्लस्टर का प्रस्ताव भारत शासन को प्रेषित किया गया है। जिसकी कुल लागत 3727.16 करोड़ रुपये है। इस योजना का कुल क्षेत्र 332 हेक्टेयर प्रस्तावित है। इसमें पूर्व से जबलपुर के गारमेंट व्यवसाय का विस्तार करने के लिए जबलपुर टेक्सटाइल एवं लॉजिस्टिक क्लस्टर प्रस्तावित किया गया है। प्रस्तावित क्लस्टर से 50 हजार लोगों को प्रत्यक्ष रूप से तथा 20 हजार लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार सृजन की संभावना बताई गई है। वहीं ग्लोबल स्किल पार्प का निर्माण राज्य शासन के सहयोग से किये जाने की जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुर कलेक्टर द्वारा नगर विकास की प्रस्तुत की गई अवधारणा की सराहना की।



# विकास के लिये व्यवस्था को विक्रेंद्रीकृत किया जा रहा है

जबलपुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा सभी क्षेत्रों में विकास के लिये व्यवस्था को विकेन्द्रा़rकृत किया जा रहा है जिससे मैदानी व निचले स्तर पर तीव्र गति से विकास कार्य हो सके। जबलपुर में कैबिनेट की बैठक का आयोजन इसी कड़ी में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के सभी फैसले गरीबों के कल्याण और विकास के लिए किये जा रहे हैं। यदि कोई अधिकारी किसी गरीब का अपमान करेगा और उसके कल्याण और विकास के लिए कार्य नहीं करेगा तो संबंधित के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। इस कार्य में सभी के सहयोग की आवश्यकता है। आप सभी इसमें सहयोग करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गैरीसन ग्राउंड जबलपुर में जनसभा के बाद कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं इस्पात राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह, सांसद वी.डी. शर्मा व सुमित्रा बाल्मीकि, विधायक अजय विश्नोई व सुशील तिवारी इंदु, अन्य जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मध्यप्रदेश का सर्वांगीण विकास और के बदलते युग में हर तबके के व्यक्तियों और गरीबों का विकास करना चाहते हैं। हमें उनके संकल्पों को पूरा करना है। इसके लिए अपर मुख्य सचिवों को संभाग स्तर पर, संभाग स्तर के अधिकारियों को जिला स्तर पर और जिला स्तर के अधिकारियों को मैदानी स्तर पर भेजकर आम लोगों की जरूरत के हिसाब से विकास कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। इसमें जो भी कोताही बरतेगा उसके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं के सम्मान का ध्यान रखा जाएगा, इस संबंध में सभी अधिकारियों को निर्देश भी दिए गए हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आव्हान केया कि प्रधानमंत्री मोदी के संकल्पों को पूरा करने और प्रदेश के विकास और कल्याण में सहयोग प्रदान करें।

**मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कार्यकर्ताओं की ली बैठक**

# आईटीआई से दीनदयाल चौक तक बनेगा ओवर ब्रिज

**जबलपुर।** आईटीआई से दीनदयाल चौक तक की व्यस्ततम यातायात से निजात पाने के लिए विधायक अभिलाष पांडे की मांग पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने तत्काल आईटीआई से दीनदयाल चौक तक ओवर ब्रिज को स्वीकृति दी गैरिसन ग्राउंड में सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने ओवर ब्रिज को स्वीकृत कर दिया जो 110 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से बनकर तैयार होगा। इस अवसर पर अभिलाष पांडे ने कहा कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उत्तर विधानसभा के लिए 110 करोड़ रुपए की बहुत बड़ी सौगात दी है आईटीआई से दीनदयाल चौक तक बनने वाले इस फ्लाईओवर से उत्तर विधानसभा के साथ ही जबलपुर के ग्रामीण क्षेत्र सहित पूरे शहर की यातायात व्यवस्था दुरुस्त होगी आमजन की समय की बचत होगी अभिलाष पांडे ने कहा कि मध्यप्रदेश के साथ अब उत्तर विधानसभा भी विकास की राह में तेज गति से दौड़ेगी विकास के बहुत से काम होंगे। विधायक अभिलाष पांडे ने उत्तर विधानसभा की जनता की ओर से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### उत्तर मध्य विधायक ने जताया आभार

**प्रतिबंध पर व्यक्त किया आभार**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रथम नगर आगमन पर उत्तर विधानसभा के द्वारा विधायक डॉ अभिलाष पांडे के नेतृत्व में भंवरताल के गेट पर भव्य मंच लगाकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। विधायक अभिलाष पांडे ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को पगड़ी पहनाकर एवं तलवार भेंट उनका अभिवादन किया साथ ही प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा एवं लोकनिर्माण विभाग मंत्री श्री राकेश सिंह का भी स्वागत किया। अभिलाष पांडे ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के द्वारा खुले में मांस बिक्री के प्रतिबंध का जो निर्णय लिया गया है वह ऐतिहासिक है जिसके लिए जैन एवं ब्राह्मण समाज सहित अन्य सामाजिक जन मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हैं एवं उनके द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों के प्रति मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। इस अवसर पर जैन समाज एवं ब्राह्मण समाज सहित उत्तर विधानसभा में निवासरत समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने वीरांगना रानी दुर्गावती को पुष्पांजलि अर्पित की

### मप्र को विकास के पथ पर आगे ले जायेंगे : डॉ. यादव

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने अपने जबलपुर प्रवास के दौरान सबसे पहले भंवरताल पहुंचे, जहां भंवरताल उद्यान स्थित वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पित की। इस दौरान पूरा क्षेत्र चन्देलों की बेटी थी, गौंडवाने की रानी थी, चण्डी थी, रणचण्डी थी, वह दुर्गावती भवानी थी" के नारे से गूंज उठा। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विधानसभा चुनाव से पहले जब जबलपुर आए थे तो उन्होंने रानी दुर्गावती की 500 जयंती को यादगार बनाने 100 करोड़ की लागत से मदनमहल की पहाड़ी पर रानी दुर्गावती स्मारक का शिलान्यास किया था। मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए कदम आगे बढ़ाते हुए अपने पहले प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने वीरांगना रानी दुर्गावती प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके पहले मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि रानी दुर्गावती की नगरी में आकर में खुद को गौरवांवित महसूस कर रहा हूं।



**आवश्यक सूचना**
हरिभूमि
पाठकों के लिए
पाठक पुरस्कार योजना-2023
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अवगत कराया जाता है कि पाठक पुरस्कार योजना का कूपन फार्मेट का प्रकाशन 5 जनवरी को किया जायेगा।

## शिविरों में भी सैंकडों हितग्राही हुए लाभांवित

# विकसित भारत संकल्प यात्रा



**जबलपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत संभाग क्रमांक 12 के अंतर्गत पार्षद कार्यालय एवं संभाग क्रमांक 15 के वार्ड क्रमांक 77 संभागीय कार्यालय शासकीय स्कूल परिसर मैदान में शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमें शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र एवं हितलाभ पार्षद विवेकराम सोनकर, अंजू अनीता जाट (गोलू), पार्षद योगेन्द्र उईके, अर्चना सिसौदिया, डॉ. सुभाष तिवारी, अपर आयुक्त मनोज श्रीवास्तव, अंजु सिंह ठाकुर, सहायक आयुक्त वेदप्रकाश, संभागीय अधिकारी राकेश तिवारी, कुलदीप तिवारी, की उपस्थिति में प्रदान किये गए। संभागीय अधिकारियों ने कहा कि भारत विकसित संकल्प यात्रा के तहत आयोजित हो रहे इन शिविरों में हर पात्र व्यक्ति और हितग्राहियों को सरकारी योजना का लाभ मिल रहा है। आयोजित इन शिविरों में हजारों की संख्या में हितग्राहियों और नागरिकों ने लाभ लिया और शासन की हर कल्याणकारी योजना को जनहितैषी बताया।



# स्वस्थ जीवन के संकल्प के साथ नए साल का स्वागत किया

**जबलपुर।** गुरुकुल ज्योति वेलफेयर सोसाइटी ने सांस्कृतिक प्रदर्शन, सुरीले संगीत, और उत्सव के साथ नए साल का स्वागत किया। इस अवसर पर संस्था के समस्त विद्यार्थी एकता और आनंद की भावना को बढ़ावा देने के लिए एकत्र हुए। गुरुकुल ज्योति वेलफेयर सोसाइटी में नए साल का जश्न एक जीवंत कार्यक्रम था, जिसमें विद्यार्थियों की प्रतिभा को दिखाने वाले विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रदर्शन हुए। पारंपरिक नृत्य से लेकर सौम्य संगीतमय रचनाओं तक, कार्यक्रम ने दर्शकों को प्रभावित किया और आनंद और सजगता का वातावरण बनाया।इस उत्सव का मुख्य बिंदु गुरुकुल ज्योति वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों द्वारा एक स्वस्थ जीवन की ओर सामूहिक प्रतिबद्धता लेना था। शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व को मानते हुए, संस्था के विद्यार्थियों ने छोटी दूरी यात्रा के लिए वाहनों की बजाय साइकिल का प्रयोग को बढ़ावा देने का संकल्प किया। इस अवसर पर संस्था के सभी सदस्य, शकुन कुशवाहा, प्रदीप यादव, चांदनी कुशवाहा, अमृता रजक, आरती रजक, सुलोचना कोल, वर्षा आदि उपस्थित रहे।

# सिहोरा के गायत्री महायज्ञ में उमड़ी भक्तों की भीड़

**सिहोरा।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में गायत्री शक्तिपीठ जबलपुर के मार्गदर्शन में गायत्री मंदिर गढ़िया मोहल्ला, में चल रहे महायज्ञ में कल 10 पारियों में यज्ञ संपन्न हुआ जिसमें विभिन्न संस्कार भी संपन्न कराए गए। शहर से नजदीक होने के कारण लोग बहुत अधिक संख्या में यज्ञ में शामिल हो रहे हैं इसी प्रकार दोपहर 3 बजे से पावन प्रज्ञा पुराण कथा में भीड़ उमड़ रही रही है आज के प्रज्ञा पुराण में अविनाश महाराज ने मां की महिमा एवं गरिमा का वर्णन करते हुए बताया कि मां चाहे तो बच्चों को भगत सिंह विनोबा भावे जैसे पुत्र देश को अर्पित करती है 21वीं सदी नारी सदी है आने वाले समय को नई ही दिशा देते हुए समाज का नेतृत्व तो नारी ही करेगी वर्तमान में पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा कहे गए शब्द समाज में चरितार्थ हो रहे हैं ऐसे उदगार महाराज ने प्रज्ञा पुराण में व्यक्त किये। गायत्री परिवार के अध्यक्ष एन के गर्ग ने सभी से उपस्थिति की अपील की है।



## राम रथ यात्रा का हुआ स्वागत, वंदन और अभिनंदन

मझौली। नगर में राम रथ यात्रा पहुंची जिसका भव्य स्वागत सभी भक्त एवं नगर वासियों द्वारा किया गया नगर के भक्तगण ढोल बाजा भजन कीर्तन एवं कलश के साथ पवन पुत्र आश्रम इंद्राणा रोड मझौली पहुंचकर राम रथ यात्रा का भव्य स्वागत वंदन अभिनंदन किया एवं संपूर्ण नगर भ्रमण किया गया जिसमें सीताराम भजन कीर्तन करते हुए विष्णु बाराह मंदिर पहुंचे। पूजा करने के बाद पूरे नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए गांधी भवन मझौली में यह यात्रा संपन्न हुई। उसके बाद संध्या वंदन एवं देवी जागरण का आयोजन किया गया। रवि करण साहू कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम प्राण प्रतिष्ठा होनी है इस पर आप सभी अपने घर-घर दीपक जलाकर एवं आतिशबाजी करते हुए सुंदरकांड एवं अखंड रामायण पाठ का आयोजन करें। इस मौके पर विजय नेता साहू राजेंद्र चौरसिया डॉक्टर सुभाष अनिरुद्ध साहू प्रकाश साहू महेंद्र कोष्टा प्रताप साहू रंजीत साहू आदि समस्त नगर के महिला पुरुष भक्ति गांव उपस्थित थे।

## सुबह-सुबह किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

# पदभार ग्रहण करने के बाद निगामायुक्त एक्शन मोड में



**जबलपुर।** पदभार ग्रहण करते ही नगर निगम की नई आयुक्त श्रीमति प्रीति यादव एक्शन मोड में नजर आई। कार्यभार ग्रहण करने के दूसरे दिन सुबह-सुबह मैदान में नजर आई। बुधवार की सुबह 6 बजे से ही शहर की सफाई व्यवस्था के साथ-साथ विकास कार्य का निरीक्षण किया और अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा भी की और मौके पर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयोजित कार्यक्रमों में कोई दिक्कत नहीं आनी चाहिए। आयोजित कार्यक्रमों के स्थलों के निरीक्षण के उपरांत निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने सफाई व्यवस्था को बारीकी से देखा और सुधार के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने सफाई व्यवस्था में और अधिक कसावट लाए जाने पर जोर दिया, कई वार्डे की सफाई व्यवस्था का मुआयना करने के बाद निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने निगम के सभी अपर आयुक्त, उपायुक्त, सहायक आयुक्त, जोन प्रभारी, संभागीय अधिकारी, संभागीय यंत्री और सभी विभागीय प्रमुख स्वच्छता के कार्यों में सुधार लाने के लिए कार्य करेंगे तथा रिपोर्ट प्रस्तुत करेगें। निगमायुक्त ने कहा है कि स्वच्छता के कार्यों में गंभीरता बरतने की आवश्यकता है। निरीक्षण के अवसर पर निगम के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# मानसी सेनी का मप्र कबड्डी में चयन



**जबलपुर।** 67वीं राष्ट्रीय शालेय कबड्डी 17 वर्ष बालिका कबड्डी प्रतियोगिता जयपुर राजस्थान में 03 जनवरी से 08 जनवरी 2024 तक आयोजित है, जिसमें शासकीय कन्या हाई स्कूल व्हीकल की कुमारी मानसी सेनी का चयन मप्र कबड्डी टीम में किया गया है। इस उपलब्धि पर केंट विधायक अशोक रोहाणी एवं जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर घनश्याम सोनी एवं संस्था प्राचार्य रुकमणि कनौजिया, पार्षद दामोदर सोनी, कु. चंदा सोनी, पुष्पा रघुवंशी, हेमलता तिवारी, सीमा पटेल, दीपा क्षीपा, मलखेराम प्रजापति, रेखा दाहिया, सरिता कनौजिया, नितिन रैकवार एवं नीतू सिंह ने हर्ष व्यक्त किया है।

# आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा

## *मांगों के निराकरण का दिया आश्वासन*

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन की प्रथम कैबिनेट के आयोजन के सिलसिले में मुख्यमंत्री डा मोहन यादव एवं समस्त मंत्रियों का जबलपुर आगमन हुआ। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के प्रांताध्यक्ष भरत पटेल के नेतृत्व में संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह से मुलाकात की। इस दौरान संघ के द्वारा प्रेषित ज्ञापन में अध्यापक संवर्ग की लंबित मांगों के संबंध में बात रखी।जिसमें प्रमुख रूप से हड़ताल अवधि में काटे गए वेतन के भुगतान एवं निलंबित शिक्षकों की बहाली उपरांत असंचयी प्रभाव से रोकी गई वेतन वृद्धि को बहाल करने संबंधी आश्वासन मिला। साथ ही अध्यापक शिक्षक संवर्ग में उच्च पद प्रभार के आदेश एवं शेष रह गए क्रमोन्नति के आदेश तुरंत जारी कराने एवं लंबे समय से लंबित मांगों यथा पुरानी पेंशन लागू कराने, ग्रेच्यूटी, अनुकंपा आदि मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा। जिस पर भोपाल आकर चर्चा करने हेतु प्रांताध्यक्ष को आश्वासन दिया गया। प्रतिनिधि मंडल में प्रांतीय महासचिव गोविंद बिसेन, देवेंद्र सिंह राजपूत, शिवकुमार चौबे, दीनानाथ चौधरी पटेल, चंद्रभान सिंह कौरव, के के साहू, आशीष उपाध्याय, गुलाब बडग़ैया, निशा उपाध्याय, शरद शुक्ला, शैलेश पंड्या, अरविंद तिवारी आदि मौजूद रहे।



# मारपीट की वारदातों में 3 घायल

**जबलपुर।** सिहोरा, पाटन और बरगी थाना क्षेत्र में मारपीट की तीन वारदातें सामने आई है। मारपीट की इस वारदात में तीन युवक घायल हो गए। सिहोरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कंकाली मोहल्ला सिहोरा निवासी 16 वर्षीय सचिन उर्फ समीर मेहरा गत रात लगभग 9 बजे आर्मी ग्राउंड के पास खड़ा था तभी कंकाली मोहल्ला निवासी शिवा बर्मन आया और सुमित डुमार को पूछने लगा, उसने कहा कि उसे नहीं मालूम है, तभी शिवा उसके साथ गालीगलौज करने लगा, मना करने पर सचिन उर्फ समीर मेहरा के गले, गर्दन और हाथ की उंगली, गाल में चोटें पहुंचा दी। पिता करन मेहरा और भाई साहिल ने बीच बचाव किया तो शिवा ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 294, 324, 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है। इसी तरह पाटन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 5 चौधरी मोहल्ला पाटन निवासी 24 वर्षीय मिस्त्री अनिल चौधरी के घर के सामने रास्ते में गत रात लगभग 8.30 बजे गुबंदी चौधरी उसके चाचा लक्ष्मण चौधरी से विवाद कर रहा था, तभी अनिल उनके पास पहुंचा तो गुबंदी चौधरी उसके साथ गालीगलौज करने लगा, मना करने पर उसके सिर पर डंडे से हमला कर घायल कर दिया। चाचा लक्ष्मण व राकेश ने बीचबचाव किया तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 324, 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है। इसी प्रकार बरगी पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सर्रई निवासी 43 वर्षीय विजय कुशवाहा गत रात लगभग 9.30 बजे अपने घर से रंगमंच रामायण में जा रहा था, उसी समय पवन साहू अपने साले के साथ रास्ते में खड़ा था जिससे उसने रंगमंच में गाड़ी से छोड़ने को कहा, इसी बात पर पवन साहू और उसका साला उसके साथ विवाद करते हुए गालीगलौज करने लगे, मना करने पर दोनों ने मारपीट कर पवन ने लाठी से सिर व चेहरे पर चोटें पहुंचा दी।

## तीसरा स्थान अर्जित कर बढ़ाया जबलपुर शहर का गौरव

# ताइक्वांडो प्रतियोगिता में मप्र के ताइक्वांडो खिलाड़ी ने जीते 29 स्वर्ण 2 रजत पदक



**जबलपुर।** 27वीं संगमलाल राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2023 का आयोजन उत्तर प्रदेश राज्य के कानपुर शहर अधिवक्ता परिषद भवन सिविल लाइन में दिनांक 30 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2023 तक किया गया जिसमें मध्यप्रदेश टीम दल कोच राजकुमार यादव के मार्गदर्शन में जबलपुर शहर के ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लेकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए क्योरिगी में 17 स्वर्ण 1 रजत ,पुमसे 10 स्वर्ण दो रजत एवं स्पीड किकिंग में 2 स्वर्ण पदक अर्जित करते हुए प्रतियोगिता में ओवरऑल टीम चैम्पियनशिप में तीसरा स्थान अर्जित कर जबलपुर शहर का गौरव बढ़ाया। साथ ही वरिष्ठ ताइक्वांडो कोच राजकुमार यादव के साथ मुख्य निर्णायक मंडल में शिवानी बेन ने रेफरी की भूमिका निभाते हुए प्रतियोगिता में अपना पूर्ण योगदान दिया जिन्हें आयोजक समिति द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया । खिलाड़ियों के नगर नगर आगमन पर थाना प्रभारी गोराबाजार लवकेश उपाध्याय ने खिलाड़ियों का मुख मिष्ठान कर शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी।

## अघोषित विद्युत कटौती के खिलाफ मिशन कम्पाउंड का घेराव कल

**जबलपुर।** पूर्व विधानसभा के बड़े हिस्से सहित पूरे जिले में जारी आघोषित विद्युत कटौती एवं अनाप शनाप बिलों के खिलाफ कल 5 जनवरी शुक्रवार को पूर्व क्षेत्र विधायक लखन घनघोरिया के नेतृत्व में मिशन कम्पाउंड का घेराव किया जाएगा। दोपहर 3 बजे पीली कोठी में कांग्रेस जन एकत्रित होंगे, जहां से पैदल मार्च मिशन कम्पाउंड पहुंचा। यहां मिशन कम्पाउंड का घेराव कर एसई को ज्ञापन सौंपा जाएगा। घेराव में सभी कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। विधायक लखन घनघोरिया ने बताया पूर्व विधान सभा क्षेत्र के बड़े हिस्से में दिन में कई कई बार बिजली गुल जा रही है, जिससे आमजन परेशान हैं। श्री घनघोरिया ने आरोप लगाया कि जब प्रदेश और जिले में किसी तरह का विद्युत संकट नहीं है, उसके बाद भी जिस तरह से बिजली कटौती की जा रही है, वहीं उपभोक्ताओं को अनाप शनाप बिल भेजे जा रहे है जो विद्युत विभाग की नीति एवं नियत पर सवाल उठा रहीं हैं।

**श्री सूरज पाल सिंह-** साईंधाम कॉलोनी मानेगांव रांझी निवासी श्री सूरज पाल सिंह (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती इंद्रजीत कौर-** एलआईजी 30, हाथीताल निवासी श्री मनमोहन सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती इंद्रजीत कौर (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती प्रेम बाई-** राजीव गांधी नगर सदर केंट निवसी श्री छेदी लाल की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेम बाई (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री केशव प्रसाद-** कैलाशपुरी गुप्तेश्वर निवासी श्री केशव प्रसाद (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अनिल कालवे-** संजीवनी नगर गढ़ा निवासी श्री अनिल कालवे (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गजरा बाई-** कंजर मोहल्ला पूर्वी बेलबाग निवासी श्री चमन सिंह जाट की धर्मपत्नी श्रीमती गजरा बाई (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती पार्वती देवी सोनी-** कोतवाली पूर्व सुभाष टाकीज के पीछे निवासी श्री विष्णु प्रसाद सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती देवी सोनी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांति देवी शर्मा-** न्यू जगदम्बा कॉलोनी विजयनगर निवासी श्री प्रेम नारायण शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती शांति देवी शर्मा (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री बीके चतुर्वेदी-** नेशनल कॉलोनी रामपुर निवासी श्री बीके चतुर्वेदी (94) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मनमोहन कौर सोबती-** गोरखपुर निवासी कैप्टन भूपिन्दर सिंह सोबती की धर्मपत्नी श्रीमती मनमोहन कौर सोबती (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती उषा अग्रवाल-** कामाक्षी परिसर गोपाल विहार गोपाल बाग निवासी श्री अरूण अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती उषा अग्रवाल (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लक्ष्मी अहिरवार-** सिद्धनगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी




श्री अशोक अहिरवार की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी अहिरवार (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**गंगा झारिया-** ग्वारीघाट रेलवे स्टेशन के पास निवासी गंगा झारिया (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती केसर कौर-** गोरखपुर राधास्वामी सत्संग भवन के पास निवासी श्री गुरदयाल सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती केसर कौर (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री जगदीश कान्टे-** पचपेढ़ी रोड लोहिया पुल के पास सिविल लाइन निवासी श्री जगदीश कान्टे (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अशर्फी विश्वकर्मा-** सिद्धबाबा रोड राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री अशर्फी विश्वकर्मा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मंजूश्री दत्ता-** साउथ सिविल लाइन पचपेढ़ी रोड निवासी श्री रंजीत कुमार दत्ता की धर्मपत्नी श्रीमती मंजूश्री दत्ता (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

फ्लाईओवर पर भीषण आग






# डिवाइडर से टकराकर धधक उठा ऑयल टैंकर

एजेंसी ▶▶ लुधियाना

पंजाब के लुधियाना में खन्ना इलाके के पास एक फ्लाईओवर पर बुधवार एक आइल टैंकर रोड डिवाइडर से टकराकर पलट गया। इससे फ्लाईओवर पर भीषण आग लग गई। फ्लाईओवर पर से आग की लपटें उठती हुई दिखाई दीं और आसमान में घना काला धुआं फैल गया। खन्ना के पास फ्यूल टैंकर के डिवाइडर से टकराकर पलटने से उसका आइल नेशनल हाईवे पर फैल गया और आग लग गई। इसके बाद गहरा धुंआ और और आग की लपटों का दृश्य दिखाई देने लगा।

### काले धुएं का गुबार ही गुबार दिखा

घटना की तस्वीरों और वीडियो में फ्लाईओवर के नीचे से वाहनों के गुजरने के दौरान आसमान में घना काला धुआं उड़ता दिख रहा है। फिलहाल इस घटना में किसी के हताहत होने या गंभीर चोट लगने की कोई खबर नहीं है। आपातकालीन टीमें मौके पर पहुंच गई हैं और भीषण आग को बुझाने की कोशिश कर रही हैं।

### आग की जद में आया पूरा हाईवे

दमकल की टीम को मौके पर पहुंचने तक तेल का टैंकर पूरी तरह से आग से घिरा हुआ नजर आया।वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कैसे टैंकर हाइवे पर धू-धू जल रहा है। तेल के टैंक में भीषण आग लगने से हड़कंप मच हुआ है। पूरा फ्लाइओवर आग की चपेट में है। आग लगने के बाद फ्लाईओवर की दोनों तरफ के रास्ता बंद कर दिए गए है

## खबर संक्षेप

### बजरंग-साक्षी और विनेश पर भड़के युवा पहलवान

**नई दिल्ली** भारतीय कुश्ती में पिछले एक साल से सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। सीनियर



पहलवानों के प्रदर्शन के बाद भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह को अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी। नए अध्यक्ष संजय सिंह का विरोध किया। साक्षी मलिक ने संन्यास का ऐलान किया।

### महुआ की शिकायत पर 'सचिवालय' को नोटिस

**नई दिल्ली**। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा द्वारा संसद के निचले सदन



से उनके निष्कासन को चुनौती की याचिका पर लोकसभा सचिवालय को नोटिस जारी किया। अंतरिम राहत देने से इनकार करते हुए संजीव खन्ना ,दीपांकर दत्ता की पीठ ने जवाब मांगा है।

### पीठासीन अफसरों का सम्मेलन आज से

**नई दिल्ली**। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश पूर्वी अफ्रीकी देश युगांडा की राजधानी कंपाला में



04 से 06 जनवरी तक होने वाले राष्ट्रमंडल के अध्यक्षों एवं पीठासीन अधिकारियों के 27वें सम्मेलन को संबोधित करेंगे। हरिवंश एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ युगांडा रवाना हो गए हैं।

### गिरफ्तारी का विरोध भाजपा ने किया प्रदर्शन

**बेंगलुरु**। कर्नाटक में हिंदू कार्यकर्ता की गिरफ्तारी पर बवाल मच गया है। कर्नाटक पुलिस ने



अयोध्या राम मंदिर के लिए 1992 में एक आंदोलन में कथित भागीदारी के सिलसिले में श्रीकांत पुजारी को गिरफ्तार किया है। इस गिरफ्तारी के खिलाफ भाजपा राज्य में विरोध प्रदर्शन किया।

केरल के त्रिशूर में पीएम मोदी ने किया रोड शो, महिलाओं की रही अपार भीड़

# दुनिया ने देखा,नारी शक्ति विकसित भारत के 'संकल्प सिद्धि' की 'सबसे बड़ी गारंटी'

'तीन शक्ति मोदीकोप्पम' सम्मेलन में बोले पीएम मोदी, इस बीच लोगों ने की फूलों की बारिश



पीएम मोदी ने अपने किए गए कार्यों को सामने रखा

| 500 | 51 | 4 | 315 | 45 | 220 | 11 | 10,000 | 10 | 70,000 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| किमी का मेट्रो ये मोदी की गारंटी है | करोड़ बैंक खाते ये मोदी की गारंटी है | करोड़ मुफ्त आवास ये मोदी की गारंटी है | मेडिकल कॉलेज ये मोदी की गारंटी है | करोड़ मुद्रा लोन ये मोदी की गारंटी है | मुफ्त वैक्सीन ये मोदी की गारंटी है | करोड़ नल से जल ये मोदी की गारंटी है | जन आयुष केंद्र ये मोदी की गारंटी है | करोड़ लोगों को फ्री गैस कनेक्शन ये मोदी की गारंटी है | किमी नेशनल हाइवे ये मोदी की गारंटी है |

एजेंसी ▶▶ त्रिशूर

केरल के त्रिशूर में पीएम नरेंद्र मोदी ने रोड शो किया। रोड शो में लोगों की भारी भीड़ देखी गई। पीएम मोदी पर लोगों ने फूलों की बारिश की। लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। पीएम मोदी ने भाजपा के महिला सम्मेलन में महिलाओं की एक विशाल सभा को संबोधित किया।

■ केरल में रोड शो में उमड़ी भारी भीड़

उन्होंने कहा कि मैं आभारी हूं कि 'स्त्री शक्ति' मुझे आशीर्वाद देने के लिए बड़ी संख्या में यहां एकत्र हुई हैं। मोदी ने कहा कि केरल की बेटियों ने देश की आजादी में अहम भूमिका है।

पीटी ऊषा हो या बॉबी जार्ज हो ये देश की महिलाओं के लिए प्रेरणा हैं। सौभाग्य से मैं शिव की नगरी कहे जाने वाले काशी संसदीय क्षेत्र से सांसद हूं। यहां वडक्कुनाथन मंदिर में भी भगवान शिव विराजमान हैं। आज केरल की सांस्कृतिक राजधानी त्रिशूर से निकलने वाली ऊर्जा पूरे केरल में नई आशा का संचार करेगी। आजकल देश में मोदी की गारंटी की चर्चा है। लेकिन, मैं मानता हूं कि देश की नारी शक्ति 'विकसित भारत' के संकल्प की सिद्धि की सबसे बड़ी गारंटी हैं।

## देशभर में मोदी की गारंटी की चर्चा, लेकिन यह 'स्त्री शक्ति' का मुझ पर मात्र आशीर्वाद




### महिला सशक्तिकरण से जुड़े कार्यक्रम में मोदी को बधाई दी

इसे आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर आधिकारिक तौर पर भाजपा का चुनावी बिगुल माना जा रहा है। संसद के दोनों सदनों में महिला आरक्षण विधेयक पारित होने पर मोदी को बधाई देने के लिए भाजपा की केरल इकाई ने थेक्किनकाडु मैदान में 'तीन शक्ति मोदीकोप्पम' नामक सम्मेलन का आयोजन किया है।

### कई क्षेत्रों की महिलाएं रहीं शामिल

भाजपा की राज्य इकाई के प्रमुख के सुरेंद्रन ने कहा है कि पीएम मोदी के कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की महिलाएं हो रही हैं। जिनमें विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाने वाली प्रमुख हस्तियां भी शामिल हैं। सुरेंद्रन ने कहा, अभिनेत्री-नृत्यांगना शोभना, क्रिकेटर मिन्नू मणि, उद्यमी बीना कन्नन, गायिका वाईकॉम विजयलक्ष्मी और भ्रष्टाचार एवं लालफीताशाही के खिलाफ आवाज उठाने वाली मारियाकुट्टी उन लोगों में शामिल कार्यक्रम स्थल साझा कर रही हैं। केरल की राजनीति में माकपा के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चा एलडीएफ और कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा का प्रभुत्व है। भाजपा के प्रदेश नेतृत्व ने हाल ही में स्पष्ट किया था कि लोकसभा चुनाव से पहले अगले कुछ महीनों में और अधिक राष्ट्रीय नेता दक्षिणी राज्य का दौरा करेंगे और लोगों से संवाद स्थापित करेंगे।



### लक्षद्वीप में लाभार्थियों के साथ की बातचीत, 'एक्स' पर किया साझा

पीएम ने लक्षद्वीप के कवरत्ती में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसके बाद लक्षद्वीप में भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के साथ बातचीत की। इस बातचीत की कुछ झलकियां पीएम मोदी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर भी साझा की।

### फुले और नाचियार को दी श्रद्धांजलि



पीएम मोदी ने सावित्रीबाई फुले और रानी वेलु नाचियार को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी ने उनकी करुणा और साहस से समाज के लिए किए गए प्रेरणादायक कार्यों को याद किया। अपने निस्वार्थ एवं समर्पण भाव से सावित्रीबाई फुले ने महिला उत्थान और सामाजिक सुधारों में का नेतृत्व किया।

अधीररंजन के बयान से बढ़ी गरमी

# भाजपा अभिषेक को बना देगी मुख्यमंत्री, मतभेद सामने आए

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में टीएमसी के अंदर सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। पिछले कुछ समय से



ओल्ड बनाम न्यू गार्ड की लड़ाई देखने को मिल रही है। पार्टी के ही कुछ युवा नेता अब अभिषेक बेनर्जी को बड़े पद पर देखना चाहते हैं, वहीं ममता वरिष्ठ नेताओं के लिए उचित सम्मान की बात कर रही हैं। असल में टीएमसी के 27वें स्थापना दिवस समारोह के बीच पार्टी के अंदर ही कुछ मतभेद सामने आ गए हैं।

### चौधरी ने ली चुटकी


अब उन्हीं मतभेदों पर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने चुटकी लेने का काम कर दिया है। उनकी तरफ से दावा किया गया है कि टीएमसी में जो भी तनाव देखने को मिल रहा है, असल में उसकी पटकथा भाजपा द्वारा लिखी जा रही है। उन्होंने यहां तक कह दिया कि आने वाले समय में भाजपा ममता के ही भतीजे अभिषेक को बंगाल का सीएम बना सकती है।

केंद्रीय मंत्री गिरिराज का असदुद्दीन पर हमला

# ओवैसी के अंदर समाया जिन्ना का जिन्न, जबरन भड़का रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा सांसद गिरिराज सिंह ने असदुद्दीन ओवैसी पर जमकर हमला



बोला है। सिंह ने ओवैसी पर निशाना साधते हुए कहा कि ओवैसी के अंदर जिन्ना का जिन्न प्रवेश कर गया है। ये भारत को तोड़ना चाहते हैं। वह युवाओं को भड़का रहे हैं। पूरे देश में भगवान राम का ही डीएनए है। हिंदू-मुसलमान एक ही है। हम सब प्रभु श्रीराम के संतान हैं।

हजारों साल सनातन हिंदू धर्म को सताया गया। कभी बाबर तो कभी गजनी तो कभी मुगल आक्रांताओं। सीएम नीतीश कुमार और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर हमला करते कहा, लालू यादव का ये मकड़जाल है वह नीतीश को मकर जाल में फंसाकर रखना चाहते हैं।

### यह सनातन हिंदू पुनर्जागरण का समय

सिंह ने कहा कि 22 जनवरी का समय अब सनातन हिंदू पुनर्जागरण का है। जागो और हर घर में दीपक जलाओ। यह संकल्प लो कि फिर से कोई बाबर और गजनी नजर उठाकर न देखे।

# झारखंड के सीएम सोरेन नहीं देंगे इस्तीफा, बैठक में लिया फैसला

## सीएम आवास पर सहयोगी दलों की बैठक

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन



इस्तीफा नहीं देंगे। सीएम आवास पर हुई विधायक दल की बैठक में यह फैसला लिया गया। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस्तीफा नहीं देंगे। सीएम आवास पर हुई विधायक दल की बैठक में यह फैसला लिया गया। कुछ नेता नहीं पहुंचे हैं जिन्होंने अपनी वजह बता दी है। बस सभी सहयोगी दलों को एक लाइन पर

### सोरेन के करीबियों पर ईडी का शिकंजा

#### डीएसपी, मीडिया सलाहकार समेत 12 पर छापा



अवैध खनन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) 10 से अधिक जगहों पर छापेमारी की। रांची और राजस्थान में छापेमारी की जा रही है। केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने झारखंड में भी कई ठिकानों पर छापेमारी की।सीएम सोरेन के कई करीबी कारोबारियों के यहां ईडी की बड़ी कार्रवाई हुई है। सोरेन के प्रेस एडवाइजर अभिषेक प्रसाद के यहां भी छापेमारी की।

#### साथ ही अन्य लोग भी रडार पर

प्रवर्तन निदेशालय ने झारखंड में अवैध खनन की जांच को लेकर सीएम के प्रेस सलाहकार और अन्य लोगों के ठिकानों पर छापे मारे। इस मामले में सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू के आवास पर ईडी ने छापेमारी की। अभिषेक प्रसाद के आवास और साहेबगंज उपायुक्त के आवास समेत 12 ठिकानों पर तलाशी ली जा रही है।

अदालत में एएसआई की टीम का आवेदन

# 4 सप्ताह तक सर्वे रिपोर्ट न करें सार्वजनिक, आज होगा फैसला

## ज्ञानवापी परिसर का मामला

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

ज्ञानवापी परिसर की सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए या नहीं, इस पर बुधवार को जिला जज की अदालत से आदेश नहीं आया। मामले पर जिला जज ने सभी पक्षों को सुनकर गुरुवार को आदेश देने का फैसला लिया है। एएसआई ने जिला जज की अदालत में आवेदन देकर कहा कि 4 सप्ताह तक सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक न की जाए, क्योंकि इलाहबाद हाईकोर्ट ने वर्ष 1991 के लंबित वाद लार्ड विश्वेश्वर मामले में भी सर्वे रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। ऐसे में द्वितीय प्रति तैयार करने में समय लगेगा।

### मुस्लिम पक्ष ने पहले की थी आपत्ति



भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में दो सील बंद लिफाफों में ज्ञानवापी की सर्वे रिपोर्ट दाखिल की है। रिपोर्ट की मांग हिंदू के साथ ही मुस्लिम पक्ष ने भी की है। हिंदू पक्ष ने रिपोर्ट की प्रति तत्काल दिए जाने का अनुरोध किया था। मुस्लिम पक्ष ने पहले आपत्ति जताई थी।

### मीडिया कवरेज पर लगे रोक: मसाजिद कमेटी

अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी ने जिला जज की अदालत में आपत्ति दाखिल की है। कमेटी ने अनुरोध किया कि शपथ पत्र लेने के बाद ही सर्वे की रिपोर्ट दी जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि सर्वे की रिपोर्ट लीक नहीं होगी। मीडिया कवरेज पर रोक की मांग भी की है।

सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई की वकील से तीखी बहस, हिदायत दी

# अपनी आवाज नीची करो, नहीं तो बाहर करवा दूंगा

एक मामले की सुनवाई चल रही थी। वकील याचिका को पेश कर रहे थे, लेकिन आवाज काफी तेज और तल्ख थी। सुनवाई के बीच में ही सीजेआई चंद्रचूड़ को पहले कहना पड़ गया कि आप अपनी आवाज कम कीजिए।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में जज और वकील के बीच में तीखी बहस होना नई बात नहीं है। कई अवसरों पर कई मुद्दों पर ऐसा हो चुका है। लेकिन कोई जज अपना आपा खो दे, सीधे बाहर भेजने की धमकी दे दे, ऐसा कम ही बार होता दिखता है। अब जो कम बार होता है, वो सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कर दिया है। उनकी तरफ से एक वकील को दो टूक कह दिया गया कि अपनी आवाज नीचे करो,

### ये भी बोले- आवाज ऊंची कर आप हमें मना लेंगे तो ये आपकी गलतफहमी होगी

#### ये 23 साल में आज तक कभी नहीं हुआ



सुप्रीम कोर्ट में एक मामले की सुनवाई चल रही थी। वकील याचिका को पेश कर रहे थे, लेकिन उनकी आवाज काफी तेज और तल्ख थी। इसी वजह से सुनवाई के बीच में ही सीजेआई चंद्रचूड़ को पहले कहना पड़ गया कि आप अपनी आवाज कम कीजिए। अगर आपको लगता है कि अपनी आवाज ऊंची कर आप हमें मना लेंगे तो ये आपकी गलतफहमी है। ये 23 सालों में आज तक कभी नहीं हुआ है। मेरे कॅरियर के आखिरी साल में भी ऐसा नहीं होने वाला है।

#### विकास सिंह चुप रहिए, बाहर जाइए

इसी तरह पिछले साल मार्च में भी एक ऐसा मौका आया था जब चंद्रचूड़ ने चिल्ला दिया था। उन्होंने एडवोकेट विकास सिंह को चुप रहने के लिए कह दिया था और तुरंत कोर्ट से जाने के आदेश दिए थे। ऐसे में ये कोई पहली बार नहीं है जब चंद्रचूड़ ने इस तरह से तल्ख अंदाज में जवाब दिया हो।

#### इसके पहले फोन जब्त कर लिया था...

सीजेआई की इस तल्ख टिप्पणी से वकील भी हैरान रह गए। उन्होंने उम्मीद नहीं की थी कि उन्हें इस



तरह से फटकार पड़ जाएगी। लेकिन क्योंकि सुनवाई को जारी रखना था, ऐसे में वकील ने न सिर्फ अपनी आवाज धीमी की, बल्कि उनकी तरफ से माफी भी मांग ली गई। इससे पहले भी सीजेआई की नाराजगी दिख चुकी है। एक बार सुनवाई के दौरान कोई वकील अपने फोन का इस्तेमाल कर रहा था, उन्होंने दो टूक कहा था कि ये क्या कोई मार्केट है, इनका फोन जब्त कर लिया जाए।

# काम, क्रोध, लोभ, मोह त्याग कर करें भगवत भक्ति

## जीव भगवत भक्ति छोड़कर संसार की भक्ति में लगा

**जबलपुर। जीव को मनुष्य देह केवल भगवान की भक्ति करने के लिए प्राप्त हुई है। भगवत भक्ति से ही जीव का कल्याण हो सकता है। जबकि जीव भगवत भक्ति छोड़कर संसार की भक्ति में लगा रहता है। इसलिए उसे सांसारिक दुख एवं क्लेश का अनुभव होता है। अगर जीव भगवत प्राप्ति का लक्ष्य निर्धारित कर काम, क्रोध, लोभ, मोह का त्याग करते हुए भगवान की भक्ति में लीन हो जाए तो उसका कल्याण निश्चित हो जाता है।**

उक्त उद्गार श्रमजीवी पत्रकार परिषद युवा प्रकोष्ठ जबलपुर संभाग के तत्वाधान में आयोजित मानकुंवर मैरिज गार्डन आईटीआई में श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस व्यास पीठ से भागवत कथा प्रवक्ता शिव मंदिर कचनार सिटी (बड़े शंकर जी) विजय नगर के मुख्य आचार्य एवं मां दक्षिणेश्वरी धाम के संस्थापक सुरेंद्र कृष्ण शास्त्राr महाराज ने व्यक्त किए।

श्रीमद् भागवत कथा के मुख्य यजमान लीलावती विश्वकर्मा, टीएन कृष्णा विश्वकर्मा, रवींद्र दयावंती कागदीगर एवं प्रदीप विश्वकर्मा ने व्यास पीठ का पूजन किया। पूजन अर्चन आचार्य अमित उपाध्याय, संजय शास्त्राr ने संपन्न कराया। इस अवसर पर परिषद के राष्ट्रीय संयोजक नलिनकांत बाजपेयी, राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी, राष्ट्रीय



महासचिव गंगाचरण मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष देवशंकर अवस्थी, प्रदेश महासचिव राजेश दुबे, मयंक तिवारी, सुनील साहू, विलोक पाठक, राजीव उपाध्याय, चंद्रशेखर शर्मा, विवेक यादव, जिला अध्यक्ष रविंद्र शर्मा, युवा प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष शुभम शुक्ला, महासचिव सुधीर खरे, प्रवक्ता सत्यजीत यादव, संजय साहू, सृजन शुक्ला उपस्थित रहे।



# मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद बरगी विकासखंड की बैठक संपन्न

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जन आभियान परिषद के द्वारा बरगी विकासखंड के अंतर्गत तिलवारा घाट योग मनी गौशाला में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें नवांकुर संस्था प्रस्फुटन समिति के छात्र उपस्थित थे बैठक में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष आदरणीय डॉक्टर जितेंद्र जामदार जी गौ संवर्धन बोर्ड के अध्यक्ष अखिलेश आनंद गिरि जी महराज बरगी से विधायक नीरज सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे जिला समन्वयक श्री प्रदीप तिवारी ब्लॉक समन्वयक श्री विनायक बारनेडकर थे कार्यक्रम में शामिल सभी नवांकुर संस्थाएं प्रस्फुटन समिति के सदस्य उपस्थित थे नवांकुर संस्था उमरिया से अध्यक्ष नंद कुमार शुक्ला हीरा लाल पटेल सुरेश पटेल अंकित शुक्ला मेंटर्स विजय खरे विनय सोलंकी विवेक गुप्ता विनीता पटेल एवम् अन्य समाज सेवी उपस्थिति थे।

# स्वरांजलि समारोह में संगीत विभूतियां अलंकृत



**जबलपुर।** महाकोशल अंचल के स्व. संगीत साधकों की स्मृति में आगासौद में आयोजित सप्तम स्वरांजलि समारोह डॉ. अभिजीत कृष्ण त्रिपाठी, डॉ. बैजनाथ गौतम, शीला ऋषि तिवारी, प्रतुल श्रीवास्तव, शिवकुमार रघुवंशी एवं पं. राजेश शर्मा के आतिथ्य में गत दिवस संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि महाकोशल के ऐसे संगीत साधक जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर पताका फहराई, उनकी संगीत साधना पर लेखन एवं चर्चा होना चाहिए। समारोह अध्यक्ष डॉ. बैजनाथ गौतम ने कहा कि यह आयोजन नवोदित साधकों को ऊर्जा प्रदान करेगा। बाबा मलखान पुरी के स्वागत संबोधन उपरांत प्रो. राजेन्द्र ऋषि, पं. नाथूराम तिवारी एवं शंकर दाहिया की स्मृति में सुरेश मिश्र विचित्र, डॉ. कीर्ति श्रीवास्तव, शैलेन्द्र नामदेव, मीरा पटेल, कमल सिंह राजपूत, प्रमोद दाहिया एवं रोहणी बेन को क्रमशः काव्य ऋषि नादऋषि लोकरस माधुरी, लोक कला रत्न, आंचलिक काव्य रत्न उपाधियों से अलंकृत किया गया।

# नारायणा गुरु संदेश समिति का तीर्थाडनम कार्यक्रम संपन्न

**जबलपुर।**

श्री नारायणा गुरु संदेश समिति जबलपुर द्वारा 91वीं शिवगिरी तीर्थाडनम का आयोजन गुरु पूजा हॉल में किया गया। यह तीर्थाडनम श्री नारायणा गुरु के संकल्प अनुसार आठ उद्देश्यों- शिक्षा, स्वच्छता, धर्म परायणता, संगठन, कृषि, व्यवसाय, हस्तशिल्प, विज्ञान एवं तकनीकी विषय पर आधारित था। इस कार्यक्रम में समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं, वरिष्ठ सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। प्रतिभागियों के लिए नगद पुरस्कार स्व. प्रसादजी पणीकर, स्व. डॉ. प्रवीण जनार्दनन एवं स्व. के सुकमारन की स्मृति में दिए गए। समारोह में वरिष्ठ सदस्यों- श्रीमती सोमवल्ली दिवाकरन, केके जनार्दनन को शाल एवं श्रीफल




देकर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेव्ह. फा. शाजी पी जोशुआ ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में समिति के मुख्य वक्ता रेव्ह. फा. शाजी पी जोशुआ ने श्री नारायण गुरु एवं उनके संदेशों पर प्रकाश डाला, समिति के महासचिव राकेश कुमार ने तीर्थाडनम के लक्ष्यों पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन संतोष कैलाश ने किया। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी तथा सिटी हार्ट आर्केस्ट्रा द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों का सहयोग रहा।



## औषधि युक्त लड्डुओं का वितरण किया

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के कोषाध्यक्ष गेल इंडिया के निर्देशक अखिलेश जैन द्वारा औषधि युक्त ग्रास का सेवन विभिन्न गौशालाओं मे किया गया। अरहम जीव दया भारत (दिल्ली) के द्वारा औषधि युक्त लड्डुओं आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के आशीर्वाद से एवं मुनि श्री प्रणम्य सागर जी महाराज जी की प्रेरणा एवं क्षुल्लक जी श्री 105 तत्व सागर जी महाराज, ब्रह्मचारी सुजीत भैया जी के निर्देशानुसार आलोक जैन को सारथी बनाकर निर्माण करवाया गया।इसको सीधे उत्पन्न होते हुए गुण में औषधीय मिश्रित कर डाला गया तथा निम्नलिखित गौशालाओं में पहुंचाया गया। जबलपुर दयोदय गौशाला, दयोदय आरून, गौशाला गाडरवारा, कटंगी तेंदूखेड़ा, सर्वप्रथम जबलपुर दयोदय गौशाला में अखिलेश जैन के मुख्य अतिथि में समय 1 से 3 के बीच में सभी गौशाला में एक साथ औषधि युक्त लड्डुओं का गोवंश को सेवन कराया गया। उप

# यादव महासभा ने किया मुख्यमंत्री का स्वागत

**जबलपुर।**

संस्कारधानी जबलपुर में प्रथम नगर आगमन पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव का अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा जबलपुर के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। क्राइस्ट चर्च स्कूल के सामने आयोजित कार्यक्रम मैं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंच में पहुंचकर उपस्थितजनों का अभिवादन किया एवं यादव महासभा के पदाधिकारियों ने पुष्प मालाओं से उनका स्वागत किया। इस अवसर पर यादव महासभा के प्रदेश



अध्यक्ष जगदीश यादव एवं जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव बड़डा के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में संभाग अध्यक्ष विजय यादव शहर अध्यक्ष मनोज यादव प्रदेश महिला कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती रजनी यादव जिला ग्रामीण अध्यक्ष गुलाब यादव महिला बिंग की श्रीमती रश्मि यादव श्रीमती कंचन यादव युवा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव शहर युवा अध्यक्ष रिंकू असित यादव आदि ने भी पुष्प एवं फूल मालाओं तथा शहनाई एवं बैंड बाजों के साथ बड़े गरमजोशी के साथ मुख्यमंत्री जी का स्वागत किया।

## पेंशनर्स फोरम ने मुख्यमंत्री को सौंपा 5 सूत्रीय ज्ञापन

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पेंशनर्स समाज एवं मप्र राज्य पेंशनर्स फोरम द्वारा 03 जनवरी को डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री मप्र को प्रथम जबलपुर आगमन पर पेंशनर्स की पांच सूत्रीय लंबित मांगों का ज्ञापन एसके चतुर्वेदी, नरेश शर्मा, एसएमएस ठाकुर, पीएस राजपूत, बालमुकुंद दुबे सहित सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में सौंपा गया। साथ ही जबलपुर से मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व दिए जाने एवं जबलपुर में प्रथम कैबिनेट आयोजित किए जाने पर साधुवाद दिया गया।

## मंत्री विजय शाह ने आदिवासी छात्रावास का दौरा किया



**जबलपुर।** जबलपुर दौरे पर आये जनजातीय कार्य विभाग मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने आधारताल स्थित आदिवासी छात्रावास का दौरा किया और छात्रों की समस्याएं सुनकर तत्काल अधिकारियों और छात्र-छात्राओं के साथ समीक्षा बैठक की एवं बैठक संभागीय आयुक्त जेपी सरवटे एवं सहायक आयुक्त को एक-एक समस्या का निराकरण करने के आदेश दिए। इस दौरान उन्होंने वर्षों से लंबित छात्रावास भवन को तत्काल अत्याधुनिक भवन स्वीकन करने के निर्देश दिए, इससे पूर्व छात्र-छात्राओं ने गोंडवाना चौक पर मंत्री का स्वागत किया।



# कृषि विक्रेताओं हेतु एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स किसानों के हित में कारगार सिद्ध होगा : डॉ. डीपी. शर्मा

**जबलपुर।**

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से तथा संचालक विस्तार सेवायें डॉ. डी.पी. शर्मा के मार्गदर्शन एवं केन्द्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. रश्मि शुक्ला के नेतृत्व में कृषि आदान विक्रेताओं हेतु एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स देसी के 13वें बैच का शुभारम्भ कृषि विज्ञान केन्द्र, जबलपुर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि संचालक विस्तार सेवायें डॉ. डी.पी. शर्मा, ने इस कोर्स को किसानों के हित में होने की बात कही तथा सभी प्रशिक्षणार्थियों को किसानों के हितो के लिए कार्य करने की सलाह दी, ताकि किसानों की आय में उत्तरोत्तर वृद्धि हो सके। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. टी.आर. शर्मा ने देशी कोर्स की उपयोगिता को बताते हुये कहा कि इस कोर्स की मदद से आप सभी लोग किसानों का उचित मार्गदर्शन कर सकेगें। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में कृषि विज्ञान केन्द्र अनूपपुर तथा हरदा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. एस.के. पाण्डेय एवं डॉ. संध्या मुरे, डिप्टी पी.डी. आत्मा श्रीमति नवीता उर्कुड़े ने अपने विचार व्यक्त करते हुये, इस कोर्स के बेहतर संचालन हेतु सभी प्रशिक्षार्थियों का नार्गदर्शन किया तथा देसी डिप्लोमा कोर्स की महत्ता को बताया।

# कड़कड़ाती ठंड में गरीबों का सहारा बने युवा

**जबलपुर।**

जब पूरा शहर इस कड़कड़ाती ठंड में वर्ष 2023 को अलविदा एवं 2024 के स्वागत का जश्न मनाने में व्यस्त था तब शहर के युवा गरीबों का सहारा बने। उन्होंने सड़क किनारे खुले आसमान के नीचे जीवन यापन करने वाले गरीब परिवारों के बीच पहुंचकर उन्हें गर्म वस्त्र शॉल,कंबल,कपड़े,खाना आदि वितरित कर नव वर्ष मनाया। शेख सलमान खान एवं राज ठाकुर ने बताया कि हम लोगों द्वारा हजरत सैयद दरवेश शाह चमीटा वाले बाबा दरबार रानीताल में हर वर्ष ऐसे गरीब परिवार जो आर्थिक रूप से कमजोर है तथा जिनका घर नहीं है और सड़क किनारे खुले आसमान के नीचे सोते हे ऐसे परिवारों को गर्म वस्त्र वितरण कर नव वर्ष मनाया जाता है इस वर्ष भी हम लोगों ने लगभग दो सौ परिवारों को गर्म वस्त्र वितरण कर उन्हें नव वर्ष की खुशियां दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से एनएसयूआई के शफी खान, विनोद सिंह ठाकुर, रसूल खान,शेख सलमान खान, राज ठाकुर,शेख साहिद, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## कर्मचारियों की जी.आई.एस कटौती राशि बढ़ाई जाए

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि वर्तमान समय में प्रदेश के कर्मचारियों की समूह बीमा योजना के अन्तर्गत क्लास थ्री कर्मचारियों से 200रू प्रतिमाह काटा जा रहा है जो की न्यूनतम राशि है जिसके तहत कर्मचारियों का बीमा सिर्फ दो लाख रूप्ये होता है जो कि आज के इस मंहगाई के दौर में बहुत कम है। अतः कर्मचारियों की समूह बीमा राशि प्रतिमाह बड़ा कर 1000रू किया जाना चाहिए। क्योंकि जितनी न्यूनतम राषि कर्मचारियों की काटी जाएगी उतनी ही न्यूनतम राशि का बीमा हो पाएगा। परंतु यदि 1000रूपये प्रतिमाह काटे जाते हैं तो कर्मचारियों का दस लाख का बीमा किया जा सकता है। संघ ने आगे बताया कि समूह बीमा योजना राशि कर्मचारियों के वेतन से काटी जाती है यदि 1000रू राशि कर्मचारियों के खाते से काटी जाती है तो इससे सरकार पर किसी प्रकार का वित्तीय भार नहीं पड़ेगा। और भविष्य में यदि कर्मचारियों के साथ किसी भी प्रकार की दुर्घटना घटती है तो उन्हे कर्मचारी समूह बीमा योजना के तहत दस लाख रूप्ये मिल सकते हैं जो उनके आश्रितो के लिए एक बड़ा सहारा होगी।

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, ARMY NO. 15413578F RANK HAV/STA NAME LAMKHOLUN HAOKIP S/O HEMKHOJANG UNIT MH JABALPUR (MP) VILL- B.VENGNOM, PO-CHURACHANDPUR, TEH-CHURACHANDPUR, DIST-CHURACHANDPUR (MANIPUR)-795128 I have changed name and date of birth of my DAUGHTER from name **JULIE NEMNGAINENG** and date of birth **27/09/2008** (name and date of birth as per my army service records) to name **JULIE NEMNGEINENG** and date of birth **27/09/2004** (name and date of birth as per my DAUGHTER, ADHAAR CARD) Affidavit dated 03/01/2024 by Public Notary JABALPUR DISTRICT (MP).
CORRECT NAME-JULIE NEMNGEINENG
INCORRECT NAME-JULIE NEMNGAINENG
CORRECT DATE OF BIRTH-27/09/2004
INCORRECT DATE OF BIRTH-27/09/2008

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, ARMY NO. 15413578F RANK HAV/STA NAME LAMKHOLUN HAOKIP S/O HEMKHOJANG UNIT MH JABALPUR (MP) VILL- B.VENGNOM, PO-CHURACHANDPUR, TEH-CHURACHANDPUR, DIST-CHURACHANDPUR (MANIPUR)-795128 I have changed name and date of birth of my DAUGHTER from name **NENGNEICHING** and date of birth **04/11/2006** (name and date of birth as per my army service records) to name **NENGNEICHING HAOKIP** and date of birth **04/01/2002** (name and date of birth as per my DAUGHTER, ADHAAR CARD) Affidavit dated 03/01/2024 by Public Notary JABALPUR DISTRICT (MP).
CORRECT NAME-NENGNEICHING HAOKIP
INCORRECT NAME-NENGNEICHING
CORRECT DATE OF BIRTH-04/01/2002
INCORRECT DATE OF BIRTH-04/11/2006